# Shyamlal Pandviya Govt. P.G. College Morar

Affiliated to Jiwaji University, Gwalior (M.P.)

Phone No.: 0751-2368320 Email: slpmorar@gmail.com

Website : https://www.slpcollege.org


# KARATE TRAINING AND LECTURES ON WOMEN EMPOWERMENT

कार्यालय प्राचार्य श्यामलाल पांडवीय शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मुरार, ग्वालियर

☎ 0751.2368320 ई–मेल slpmorar@gmail.com

(राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) बैंगलोर द्वारा प्रत्यायित 'B+' ग्रेड वर्ष 2017)

## MPHEQIP/QLC द्वारा प्रायोजित व्याख्यान माला–प्रतिवेदन
## वर्तमान परिप्रेक्ष्य में महिला सशक्तिकरण की आवश्यकता

इस महाविद्यालय में दिनांक 08.12.2022 को महिला सशक्तिकरण समिति द्वारा उपरोक्त विषय के अंतर्गत 02 व्याख्यानों का आयोजन किया गया। प्रातः कालीन सत्र में 11:00 बजे से 01:00 बजे के बीच "महिला सशक्तिकरण में कानून की भूमिका" विषय पर हाईकोर्ट अधिवक्ता ग्वालियर श्रीमती मोनिका मिश्रा ने विधि की सैद्धांतिक जानकारी तथा व्यावहारिक पक्ष को छात्र–छात्राओं को सम्बोधित करते हुये रोचक ढंग से सामने रखा। कार्यक्रम का आरंभ महिला सशक्तिकरण समिति की संयोजक डॉ. आशा कुमारी एवं सदस्य डॉ. मनीषा देशपांडे तथा निशा सिंह तोमर के साथ म.प्र. उच्च शिक्षा गुणवत्ता सुधार परियोजना के समन्वयक डॉ. अजय कुमार त्रिपाठी एवं महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. साधना श्रीवास्तव की उपस्थिति में सरस्वती वंदना से हुआ इस अवसर पर कार्यक्रम दूसरी वक्ता पूर्व पार्षद एवं सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती करूणा सक्सैना भी उपस्थित थीं। इस व्याख्यान माला में कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्य पर कार्यक्रम संयोजक डॉ. आशा कुमारी ने प्रकाश डाला तथा आमंत्रित वक्ताओं का परिचय डॉ. निशा सिंह तोमर ने दिया विद्यार्थियों को म.प्र. उच्च शिक्षा गुणवत्ता सुधार परियोजना के समन्वयक डॉ. अजय कुमार त्रिपाठी एवं महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. साधना श्रीवास्तव ने सम्बोधित किया। अधिवक्ता मोनिका मिश्रा ने छात्रों को कार्यस्थलों पर होने वाले शोषण, बाल्यावस्था होने वाले शोषण, सार्वजनकि स्थलों पर किये जाने वाले गैरकानूनी कृत्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

प्रथम व्याख्यान में अधिवक्ता मोनिका मिश्रा ने महिलाओं के हित में कानून के विभिन्न पक्षों को सामने रखा तथा छात्र–छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया।

कार्यक्रम का दूसरा सत्र अपरान्ह 02:00 बजे से 04:00 बजे तक चला। इसमें श्रीमती करूणा सक्सैना ने महिला सशक्तिकरण में समाज की भूमिका" विषय पर छात्राओं को सम्बोधित किया उन्होने समाज में महिलाओं की स्थिति तथा महिलाओं के हित में सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। राजनीति में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और परिवार से लेकर समाज तक महिलाओं की सक्रियता को महिला सशक्तिकरण में प्रभावशाली बताया। श्रीमती सक्सैना ने विद्यार्थियों के विभिन्न प्रश्नों का भी जवाब दिया।

कार्यक्रम के अंत में गणमान्यों का आभार डॉ. मनीषा देशपांडे ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं ने भी सक्रिय भागीदारी की उनकी अधिकतम उपस्थिति इस कार्यक्रम की सफलता की परिचायक है। कार्यक्रम का कुशल संचालन बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा कु. अंशु भदौरिया ने किया।

O/C

प्राचार्य
श्या.एस.पी. शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय
मुरार (ग्वालियर) म.प्र.

संयोजक
महिला सशक्तिकरण समिति

**301, Govt.Shyamlal Pandaviya College,Morar,Gwalior,M.P.**
**Programme: Lectures by Women Empowerment Cell , 08.12.2022**






8.12.22 द्वितीय वक्ता, श्रीमती करुणा सक्सेना
सामाजिक कार्यकर्ता

**301, Govt.Shyamlal Pandaviya College,Morar,Gwalior,M.P.**
**Programme: Lectures by Women Empowerment Cell , 08.12.2022**

8.12.22





2/2

कार्यालय प्राचार्य श्यामलाल पांडवीय शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मुरार, ग्वालियर

☎ 0751.2368320 ई-मेल *slpmorar@gmail.com*

(राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) बैंगलोर द्वारा प्रत्यायित 'B+' ग्रेड वर्ष 2017)

## MPHEQIP/QLC द्वारा प्रायोजित कराटे ट्रेनिंग प्रोग्राम–प्रतिवेदन

इस महाविद्यालय में दिनांक 21 नवम्बर 2022 से 07 दिसम्बर 2022 तक कराटे प्रशिक्षण शिविर MPHEQIP/QLC द्वारा प्रायोजित महिला सशक्तिकरण समिति में छात्राओं के लिये आयोजित किया इस शिविर में प्रशिक्षण देने हेतु खेल एवं युवा कल्याण विभाग, कम्पू, ग्वालियर में पदस्थ प्रशिक्षक कु. माया परमार की सेवायें ली गईं। इस शिविर में 30 छात्राओं ने पंजीयन कराया तथा प्रशिक्षण के उपरान्त 25 छात्रायें कराटे में पारंगत हो गईं। प्रति दिवस दिनांक 21 नवम्बर 2022 से 07 दिसम्बर 2022 अपरान्ह 02:00 बजे से 04:00 बजे तक छात्राओं को प्रशिक्षण दिया गया। इस शिविर का उद्घाटन दिनांक 21.11.2022 को दोपहर 02:00 बजे किया गया जिसमें महिला सशक्तिकरण समिति की संयोजक डॉ. आशा कुमारी तथा समिति के सदस्य डॉ. मनीषा देशपांडे एवं डॉ. निशा सिंह तोमर आयोजनकर्ता थे। इस उद्घाटन में छात्राओं ने पंजीकरण कराया तथा उद्घाटन कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के आयोजन में सहायक म.प्र. उच्च शिक्षा गुणवत्ता सुधार परियोजना के समन्वयक डॉ. अजय कुमार त्रिपाठी एवं महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. साधना श्रीवास्तव के साथ–साथ अन्य प्राध्यापक भी छात्राओं के उत्साहवर्द्धन हेतु मौजूद थे। कार्यक्रम का उद्घाटन सरस्वती पूजन एवं वन्दना से हुआ। इसके उपरान्त प्रशिक्षक माया परमार एवं छात्राओं का पारस्परिक परिचय करवाया गया। डॉ. त्रिपाठी ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुये वर्तमान में इस कार्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की संयोजक ने 15 दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रो. साधना श्रीवास्तव आशीर्वचन के रूप में छात्राओं को लग्नपूर्वक सीखने की प्रेरणा दी तथा प्रशिक्षक माया परमार ने छात्राओं कराटे की सामान्य जानकारी दी। अन्य प्राध्यापकों में डॉ. कामिनी पाराशर और डॉ. मनीषा देशपांडे छात्राओं को सम्बोधित किया तथा डॉ. निशा सिंह तोमर ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इन 15 दिनों में छात्राओं ने कड़े परिश्रम के बाद राउण्ड पंच, मिडिल पंच, अपर पंच, लोअर पंच, मिडिल ब्रेक, अपर ब्रेक, लोअर ब्रेक, किक लगाना इत्यादि पंच सीखे। जिसका अवलोकन समय–समय पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने किया। महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष श्री प्रहलाद सिंह घुरैया ने भी अवलोकन कर छात्राओं का उत्साह बढ़ाया। शिविर का अवलोकन करने वालों में प्रो. संजीव गुप्ता, प्रो. आर.पी. सिंह, प्रो. डी.के. मिश्रा, प्रो. बी.बी. गुप्ता, प्रो. वन्दना चतुर्वेदी, प्रो. रचना जोशी इत्यादि ने छात्राओं के प्रयास की सराहना की।

दिनांक 07.12.2022 को इस कार्यक्रम का समापन हुआ। समापन कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण समिति एवं म.प्र. उच्च शिक्षा गुणवत्ता सुधार परियोजना के समन्वयक डॉ. अजय कुमार त्रिपाठी एवं महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. साधना श्रीवास्तव तथा प्रशिक्षक कु. माया परमार उपस्थित थे। सरस्वती वन्दना से कार्यक्रम का आरंभ हुआ। डॉ. आशा कुमारी ने इस 15 दिवसीय कार्यक्रम की उपलब्धिओं पर प्रकाश डाला। छात्राओं ने प्रशिक्षक माया परमार के निर्देशन में कराटे प्रदर्शन किया। डॉ. त्रिपाठी एवं डॉ. साधना श्रीवास्तव ने छात्राओं की सफलता पर बधाई दी तथा प्रमाण–पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। श्रेष्ठ 04 छात्राओं श्रद्धा चंसोलिया, अंशु भदौरिया, मीनू कुशवाह, अंजलि जाटव को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया तथा सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षु सौम्या कटारे को ट्रॉफी से सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत डॉ. निशा सिंह तोमर ने सभी का आभार व्यक्त किया एवं कार्यक्रम का कुशल संचालन बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा कु. अंशु भदौरिया ने किया।

प्राचार्य

301, Govt.Shyamlal Pandaviya College,Morar,Gwalior,M.P.
Programme: Karate Training by Women Empowerment Cell ,
Dates: 21.11.2022 to 07.12.2022





**301. Govt.Shyamlal Pandaviya College,Morar,Gwalior,M.P.**
**Programme: Karate Training by Women Empowerment Cell ,**
**Dates: 21.11.2022 to 07.12.2022**



